वर्ष- 02 अंक- 187
छपरा
1जून रविवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा को रेप केस में जमानत



पीड़िता बोली- लिवइन रिलेशन में थी, दुष्कर्म नहीं हुआ;

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को रेप के एक मामले में फिल्म डायरेक्टर सनोज कुमार मिश्रा को जमानत दे दी है। 28 साल की पीड़िता ने हलफनामे में कहा है कि वह सनोज मिश्रा के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में थी और उसने सहमति से शारीरिक संबंध बनाए थे। उसने यह भी कहा कि उसने मिश्रा के कुछ विरोधियों के दबाव में आकर स्नद्धक्र दर्ज कराई थी।इसके बाद जस्टिस गिरीश कठपालिया ने सनोज कुमार मिश्रा को जमानत दे दी। जस्टिस कठपालिया ने कहा कि यह रेप की झूठी शिकायतें दर्ज करने का एक और मामला है। इससे न केवल आरोपी की छवि को नुकसान पहुंचता है, बल्कि पूरे समाज में शक और अविश्वास भी पैदा होता है। रेप मामले में स्नद्धक्र दर्ज होने के बाद दिल्ली पुलिस ने उन्हें मार्च 2025 में गिरफ्तार किया था।

## जयपुर के 2 होटल को बम से उड़ाने की धमकी


### गृह राज्यमंत्री सहित 3 मंत्री अंदर थे, मिनिस्टर ने किया बिल्डिंग खाली करने का अनाउंसमेंट

**जयपुर,एजेंसी।** जयपुर के दो फेमस होटल हॉलिडे-इन और रैफल्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। हॉलिडे-इन में राजस्थान के गृह राज्यमंत्री सहित तीन मंत्री भी धमकी मिलने के दौरान मौजूद थे।वे एक निजी कार्यक्रम में भाग ले रहे थे। पुलिस अधिकारियों से जानकारी मिलने के बाद गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने होटल खाली करने का अनाउंसमेंट किया।इसके बाद तीनों होटल से निकल गए। बता दें कि शुक्रवार को 2 कोर्ट में बम ब्लास्ट की धमकी मिली थी।

**एटीएस और बम स्क्वॉयड ने शुरू किया सर्च:**जयपुर के 22 गोदाम सर्किल स्थित हॉलिडे-इन होटल को शनिवार सुबह 10.30 बजे धमकी भरा मेल मिला। इस दौरान हॉलिडे-इन होटल में एक निजी कार्यक्रम चल रहा था।

## बैंक के अफसर ने डीयू कैंपस में 46 सावधि जमा खाते तोड़े

### घपला कर गेमिंग प्लेटफॉर्म में लगाए 52.99 करोड़



**नई दिल्ली,एजेंसी।** पंजाब एंड सिंध बैंक के तत्कालीन अधिकारी बेदानशु शेखर मिश्रा, उनके सहयोगियों और गेमिंग प्लेटफॉर्म GOAwy|.LIVE के प्रमुख प्रबंधन व्यक्तियों के खिलाफ ईडी द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत जांच की जा रही है। इस मामले में हैरान करने वाला खुलासा हुआ है। डीयू कैंपस में कार्यरत, पंजाब एंड सिंध बैंक के अफसर ने 46 सावधि जमा खाते तोड़ डाले या उन्हें समाप्त कर किया। उसके बाद पैसे को घुमाना शुरु किया। बैंक अधिकारी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर गेमिंग प्लेटफॉर्म में 52.99 करोड़ रुपये लगा दिए। ईडी ने कई जगहों पर रेड की है।

### भोपाल में पीएम मोदी की पाकिस्तान को फिर चुनौती

# कहा- आतंकियों के मददगारों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, गोली का जवाब गोले से मिलेगा



**भोपाल,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार (31 मई, 2025) को मध्य प्रदेश के भोपाल में देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में हिस्सा लिया और कई परियोजनाओं का शुरुआत की. इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ सबसे बड़ा ऑपरेशन है. हमारी सेना ने आतंकी ठिकानों को सैकड़ों किमी. अंदर घुसकर मिट्टी में मिला दिया ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, पहलगाम में आतंकियों ने केवल भारतीयों का खून ही नहीं बहाया उन्होंने हमारे संस्कृति पर प्रहार करने की कोशिश की है. उन्होंने हमारे समाज को बांटने की कोशिश की है. आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है. ये चुनौती आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है. ऑपरेशन सिंदूर आतंकवादियों के खिलाफ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सफल ऑपरेशन है. जहां पाकिस्तान की सेना ने सोचा तक नहीं था वहां आतंकी ठिकानों को हमारी सेना ने मिट्टी में मिला दिया. सिंदूर हमारी परंपरा का प्रतीक, अब ये भारत के शौर्य का प्रतीक है ।

**ऑपरेशन सिंदूर नारी शक्ति के सामर्थ्य का प्रतीक :** उन्होंने आगे कहा, ऑपरेशन सिंदूर हमारी नारी शक्ति के सामर्थ्य का प्रतीक बना है. हम सभी जानते हैं कि बीएसएफ का ऑपरेशन में बहुत बड़ा रोल रहा है. कश्मीर से गुजरात तक बीएसएफ की बेटियां मोर्चा संभाल रहीं थीं. उन्होंने सीमा पार से हो रही है फायरिंग की जवाब दिया है. बीएसएफ की वीर बेटियों ने अद्भुत शौर्य दिखाया है. बेटियों का शौर्य पूरी दुनिया देख रही है।

### लोकमाता अहिल्याबाई ने प्रभुसेवा और जनसेवा को कभी अलग नहीं माना

पीएम मोदी ने कहा, 250-300 साल पहले जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था. उस समय ऐसे महान कार्य कर जाना कि आने वाली अनेक पीढियां उसकी चर्चा करें, ये कहना तो आसान है, करना आसान नहीं था. लोकमाता अहिल्याबाई ने प्रभुसेवा और जनसेवा को कभी अलग नहीं माना. कहते हैं कि वे हमेशा शिवलिंग अपने साथ लेकर चलती थीं. उस चुनौतीपूर्ण कालखंड में एक राज्य का नेतृत्व, कांटों से भरा ताज, लेकिन लोकमाता अहिल्याबाई ने अपने राज्य की समृद्धि को नई दिशा दी ।

### असम में लैंडस्लाइड से 5 की मौत

# बाढ़ से 10 हजार लोग प्रभावित; मिजोरम में भी भूस्खलन

### घर-होटल ढहे, कई लोगों की मौत की आशंका



**नई दिल्ली/ भोपाल/ लखनऊ, एजेंसी।** मानसून नॉर्थ ईस्ट राज्यों में पहुंच चुका है। असम, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम में भारी बारिश हो रही है। असम में पिछले 24 घंटों में कामरूप जिले में लैंडस्लाइड के चलते पांच लोगों की मौत हो गई। बाढ़ से 10 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। मिजोरम के लॉन्टलाई शहर में लैंडस्लाइड के कारण पांच घर और एक होटल ढहने से कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। उधर सिक्किम में भारी बारिश के कारण थेंग और चुंगथांग इलाकों में भूस्खलन से कई घर मलबे में दब गए। मेघालय में शुक्रवार को तेज बारिश से पूर्वी खासी हिल्स जिले में भी लैंडस्लाइड हुई। एक महिला की मौत हो गई। एक व्यक्ति पानी में डूब गया। मावकिनरू ब्लॉक में पेड़ के नीचे दबने से 15 साल के लड़के की जान चली गई।जम्मू-कश्मीर में शनिवार को बर्फबारी हुई। इसके चलते गुरेज-बांदीपुरा रोड और मुगल रोड पर ट्रैफिक रोक दिया गया है। हिमाचल प्रदेश में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट है। इसे देखते हुए स्थानीय लोगों और टूरिस्ट को एडवाइजरी जारी की गई है। मई में मानसून की दस्तक ने बारिश का नया रिकॉर्ड बना दिया है। देश में 30 मई तक 116.6 मिमी बारिश दर्ज हुई है जो मई में सबसे अधिक बारिश का रिकॉर्ड है। पिछला रिकॉर्ड 1990 का था, तब 110.7 मिमी बारिश हुई थी। सामान्य रूप से मई में औसतन 61.4 मिमी बारिश होती है।

### थरूर बोले-

## कोलंबिया ने पाकिस्तान पर अपना बयान वापस लिया भारत का समर्थन करेगा

*ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में मौतों पर दुख जताया था*



**जर्काता,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को कोलंबिया के बोगोटा में बताया कि कोलंबिया सरकार ने पाकिस्तान के समर्थन में अपना बयान वापस ले लिया है। कोलंबियाई सरकार आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख का समर्थन करते हुए नया बयान जारी करेगी।

थरूर बोगोटा में तादेओ लोजानो यूनिवर्सिटी पहुंचे थे। वहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूल चढ़ाने के बाद उन्होंने कहा- हमने कोलंबिया की उप विदेश मंत्री रोसा योलांडा विलाविसेन्सियो से मुलाकात की। उनसे बातचीत के बाद सरकार ने बयान वापस ले लिया है।वहीं रोसा योलांडा ने कहा कि भारत की तरफ से हमें पूरी स्थिति की डिटेल जानकारी मिली है। कश्मीर में जो कुछ हुआ, वहां संघर्ष की वास्तविक स्थिति के बारे में भारत ने हमें जो कुछ भी बताया है, वह जानने के बाद हम बातचीत जारी रख सकते हैं।

कोलंबियाई सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय हमलों से पाकिस्तानियों की मौत पर दुख जताया था। थरूर ने गुरुवार को कोलंबिया में इसकी आलोचना की थी।

# देश में कोरोना के 3207 एक्टिव केस, 20 मौतें

### मैसूर में 63 साल के बुजुर्ग की मौत; केरल-महाराष्ट्र में 60 फीसदी मामले



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** देशभर में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 3207 पहुंच गई है। केरल में सबसे ज्यादा 1147 मामले हैं। महाराष्ट्र एक्टिव केसेज के मामले में दूसरे नंबर पर है। शुक्रवार को राज्य में 84 नए केस सामने आए, यहां अब 681 मरीज हैं। देश के 60 फीसदी एक्टिव केस इन्हीं दो राज्यों में हैं।

कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 20 पहुंच गई है। इनमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। कर्नाटक के मैसूर में शुक्रवार को 63 साल के एक बुजुर्ग की मौत हो गई। राज्य में कोरोना से यह तीसरी मौत है।

इसके अलावा, महाराष्ट्र, केरल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कुल 13 मरीजों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग ने 31 मई को दिल्ली, गुजरात, पंजाब और तमिलनाडु में भी एक-एक मौत की पुष्टि की।

गुजरात के अहमदाबाद में शुक्रवार को एक दिन के नवजात की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बच्चे को ICU में रखा गया है। पिछले सप्ताह बच्चे की मां भी कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी, हालांकि अब उनकी रिपोर्ट निगेटिव है। मेघालय में 7 महीने बाद कोविड के 2 मिले हैं।

मिजोरम में 7 महीने बाद कोविड का पहला केस मिला मिजोरम में 2 लोगों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में इस तरह का आखिरी मामला सामने आने के 7 महीने बाद कोविड के केस मिले। मिजोरम में कोविड-19 का आखिरी मामला अक्टूबर 2024 में सामने आया था, उस दौरान राज्य में 73 लोग वायरस से संक्रमित हुए थे।


उन्होंने बताया कि मरीजों का इलाज आइजोल के पास फल्कोन में जोरम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (ZMCH) में चल रहा है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के इंटीग्रेटेड रोग निगरानी कार्यक्रम (IDSP) ने लोगों से न घबराने की बात कही है।

IDSP ने लोगों से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने, नियमित रूप से हाथ धोने, हैंड सैनिटाइजर का उपयोग करने और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में न जाने की सलाह दी है।

महाराष्ट्र में 9 हजार से ज्यादा कोविड टेस्ट महाराष्ट्र सरकार ने बताया कि शुक्रवार को कोविड के 84 नए मामले सामने आए। जबकि मुंबई में जनवरी 2025 से अब तक कुल 681 केस मिले हैं। जनवरी से अब तक राज्य में 9592 कोविड-19 टेस्ट किए गए। वहीं, जम्मू-कश्मीर में गुरुवार को कोविड-19 के दो मामले सामने आए थे। दोनों मरीज केरल के रहने वाले हैं और श्रीनगर के गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं।

# सुरक्षाबलों ने गिरफ्तार किए नौ उग्रवादी

### हथियार और संचार उपकरण बरामद



**इंफाल,एजेंसी।** सुरक्षाबलों ने मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के तीन सक्रिय कार्यकर्ताओं को जबरन वसूली गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में बृहस्पतिवार को बिष्णुपुर जिले के लीमापोकपम से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि उनके पास से हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया।अधिकारी ने कहा कि सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को टेंग्नौपाल जिले के गंगपीजांग गांव (बीपी-74) से प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के तीन काडर और प्रतिबंधित कंगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। प्रतिबंधित केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय काडर को गुरुवार को इंफाल पश्चिमी जिले के युमनाम हुइड्रोम इलाके से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि उस पर घाटी के इलाकों में जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। अधिकारी ने कहा कि राज्य में जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने के लिए खुफिया जानकारी के आधार पर तलाश अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तलाश अभियान के दौरान शुक्रवार को चुराचांदपुर जिले के डंपी हिल वन क्षेत्र से तीन आग्नेयास्त्र, एक मोर्टार, एक रेडियो सेट और दो चार्जर बरामद किए गए।मणिपुर में दो साल पहले जातीय हिंसा भड़कने के बाद से सुरक्षाबल तलाश अभियान चला रहे हैं। मई 2023 से मेइती और कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में 260 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हुए हैं। राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफा देने के बाद केंद्र ने 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया था।

### जस्टिस वर्मा कैश मामला:

## परिवार ही स्टोररूम इस्तेमाल करता था

- जांच पैनल की रिपोर्ट में खुलासा; आग लगने के बाद नगदी हटाई






**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट के तत्कालीन जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी बंगले पर अधजले नोट मिलने के मामले में नए खुलासे हुए हैं। न्यूज एजेंसी क्ष्ख्रद्ध ने सूत्रों के हवाले से बताया कि जिस स्टोर रूम में आग लगने के बाद जली नकदी मिली, वह जस्टिस वर्मा और उनके परिवार के कब्जे में था।जांच समिति ने बंगले के इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों, गवाहों और जांच के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है। समिति ने 50 से ज्यादा लोगों के बयान दर्ज किए। इनमें दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा और फायर सर्विस के प्रमुख भी थे। दोनों अफसर आग लगने के बाद सबसे पहले मौके पर पहुंचने वालों में थे। अधजले नोट मिलने की खबर सामने आने के बाद उस समय के CJI संजीव खन्ना ने मामले की जांच के लिए 22 मार्च को पैनल बनाया था। पैनल ने 4 मई को CJI को अपनी रिपोर्ट सौंपी। इसमें जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया था। रिपोर्ट के आधार पर CJI ने 'इन-हाउस प्रोसीजर' के तहत जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने की सिफारिश की थी। जांच समिति में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू, हिमाचल हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जीएस संधवालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की जज जस्टिस अनु शिवरामन थीं।

# सुप्रीम कोर्ट ने कमला नेहरू ट्रस्ट को दी गई जमीन रद्द करने का फैसला रखा बरकरार, कहा- जनहित में हो आवंटन



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि औद्योगिक भूमि आवंटन का प्रबंधन पूरी निष्पक्षता, तत्परता और जनहित के अनुरूप किया जाना चाहिए। कोर्ट ने यूपी में कमला नेहरू मेमोरियल ट्रस्ट (केएनएमटी) को दी गई 125 एकड़ भूमि को रद्द करने के उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम (यूपीएसआईडीसी) के फैसले को बरकरार रखा।जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने 1975 में शुरू की गई धर्मार्थ संस्था केएनएमटी की अपील को खारिज कर दिया। संस्था ने 2017 के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी। हाईकोर्ट ने सुल्तानपुर जिले के जगदीशपुर के उतेलवा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित भूमि का आवंटन रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने यूपीएसआईडीसी की ओर से वर्ष 2003 में पुष्पकृषि के उद्देश्य से ट्रस्ट को जल्दबाजी में भूमि का बड़ा टुकड़ा आवंटित करने तथा मुकदमा शुरू होने के बाद जगदीशपुर पेपर मिल्स लिमिटेड को वैकल्पिक आवंटन पर विचार करने में निगम द्वारा दिखाई गई उल्लेखनीय तत्परता की भी आलोचना की।पीठ ने कहा कि पक्षों की ओर से उठाए गए विवादों की हमारी विस्तृत जांच, तथ्यात्मक और कानूनी मैट्रिक्स के व्यापक विश्लेषण तथा परिणामी निष्कर्षों के मद्देनजर हम यूपीएसआईडीसी के आवंटन को रद्द करने का समर्थन करते हैं। साथ ही कहा कि यूपीएसआईडीसी की ओर से जगदीशपुर पेपर मिल्स लिमिटेड के पक्ष में संबंधित भूमि के लिए किया गया वास्तविक आवंटन या कोई प्रस्ताव भी अवैध तथा सार्वजनिक नीति के विपरीत घोषित किया जाता है और फलस्वरूप इसे रद्द किया जाता है। पीठ ने कहा कि यदि उक्त संभावित आवंटी से कोई बयाना राशि या भुगतान मिला है तो उसे राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा दी गई ब्याज दर के साथ वापस करने का निर्देश दिया जाता है।

## नायडू बोले- अमेरिका-चीन के साथ भारत की प्रतिस्पर्धा अब शुरू हुई है, विकास के लिए अच्छी नीति महत्वपूर्ण



**नई दिल्ली,एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, लेकिन शीर्ष दो अर्थव्यवस्था वाले देश अमेरिका और चीन के साथ वास्तविक प्रतिस्पर्धा अब शुरू हुई है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा कि भारत को अपनी वैश्विक उत्पाद विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करना चाहिए और मध्यम आय के जाल में फंसने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा,

हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं।

अगले दो साल में, हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। तीसरे स्थान तक हमारे पास प्रतिस्पर्धा नहीं है। वास्तविक प्रतिस्पर्धा अमेरिका और चीन से है जो अब शुरू हुई है।

### चीन की अर्थव्यवस्था भारत की तुलना में साढ़े चार गुना

नायडू ने कहा, चीन की अर्थव्यवस्था भारत की तुलना में साढ़े चार गुना है और अमेरिका की अर्थव्यवस्था भारत की तुलना में सात गुना है।

हमें तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास की बड़ी छलांग लगाने के लिए अच्छी सार्वजनिक नीति महत्वपूर्ण है।

# आधुनिक शिक्षा में प्राचीन परंपराओं का समावेश जरूरी : सिग्रीवाल

### रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्ञान कुंभ का समापन

**दैनिक खोज खबर एकमा।** रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एकमा में आईक्यूएसी द्वारा आयोजित 'प्राचीन शिक्षा प्रणाली बनाम आधुनिक शिक्षा प्रणाली' विषयक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्ञान कुंभ का समापन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्प्रकाश दास ने की, जबकि संचालन छात्राएं मानसी, आर्या व प्रियंका ने संयुक्त रूप से किया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल का स्वागत कॉलेज के सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह, ट्रस्टी राजीव कुमार शर्मा, प्राचार्य डॉ. सत्प्रकाश दास, धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ ठाकुर सिंह, शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मियों द्वारा पुष्पमाला, अंगवस्त्र व प्रतीक चिह्न प्रदान कर किया गया।कॉलेज के राजेन्द्र सभागार में आयोजित समापन सत्र को संबोधित करते हुए सांसद श्री सिग्रीवाल ने कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में प्राचीन




शिक्षा परंपराओं व संस्कारों का समावेश अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा में पारंपरिक संस्कृति, मूल्यों व व्यवहार का अभाव है, जिससे हमारी सांस्कृतिक विरासत विलुप्ति की कगार पर पहुंच रही है। उन्होंने पारिवारिक संबोधनों का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले बच्चे माई, भईया, दीदी जैसे आत्मीय शब्दों का प्रयोग करते थे, जबकि आज डैडी, मम्मी, अंकल, आंटी जैसे शब्द प्रचलन में हैं, जिससे अपनापन व संस्कार कम हो रहे हैं।इस अवसर पर बीएचयू वाराणसी के प्रवक्ता आकाश रंजन ने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में नैतिक मूल्यों का स्थान नहीं रह गया है। यदि आधुनिक शिक्षा में प्राचीन शिक्षण के तत्वों को जोड़ा जाए, तो देश का सर्वांगीण विकास संभव है।सहरसा के प्रवक्ता मृगेंद्र कुमार ने कहा कि रामायण व गीता जैसे ग्रंथों में निहित शिक्षा यह दर्शाती है कि जीवन में मर्यादा व पुरुषार्थ दोनों आवश्यक हैं, जो आधुनिक शिक्षा में नजरअंदाज होते हैं।डायट सोनपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि प्राचीन शिक्षा पद्धति श्रवण व मौखिक पर आधारित थी, जिससे विद्यार्थियों का मस्तिष्क पूर्णतः सक्रिय रहता था। आज की शिक्षा में यह तत्व नदारद हैं, जिसके कारण स्मरण शक्ति व शुद्ध लेखन की क्षमता घटती जा रही है।समापन सत्र को पूर्वांचल विश्वविद्यालय विराटनगर (नेपाल) के पूर्व कुलपति डॉ. घनश्याम लाल दास, कॉलेज की निदेशक संध्या सिंह, फखरुद्दीन अली अहमद टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज दरभंगा के असिस्टेंट प्रोफेसर पंकज कुमार, कुमार गौरव, प्रो. सुमन कुमार सिंह, बीएचयू की डॉ. रागिनी रंजन, मधेपुरा की डॉ. मोहिनी कुमारी, गया की डॉ. किरण कुमारी, सहरसा की डॉ. वंदना चतुर्वेदी आदि ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने कहा कि ज्ञान कुंभ के माध्यम से प्राचीन शिक्षण परंपराओं व आधुनिक शिक्षा का समायोजन कर भारत को विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर किया जा सकता है।इस अवसर पर सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, पूर्व जिला पार्षद रूपेश कुमार सिंह छोटू, कॉलेज सचिव ई. जयप्रकाश सिंह, निदेशिका संध्या सिंह, ट्रस्टी राजीव कुमार शर्मा, धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ ठाकुर सिंह, प्रधानाध्यापक व शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी, प्रो. सुमन कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह, चितरंजन सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, बलवंत कुमार सिंह, अखिलेश्वर प्रसाद भोला, बीएड कॉलेज के उमाशंकर सिंह, अनुप कुमार, हरिशंकर, अजीत कुमार, सुजीत कुमार, अमरेश, कंचन भारती, नागेंद्र कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन व शिक्षाविद् मौजूद रहे।कार्यक्रम का समापन प्राचार्य डॉ. सत्यप्रकाश दास द्वारा धन्यवाद ज्ञापन व राष्ट्गान के साथ हुआ।

## स्वास्थ्य प्रशिक्षक मनोज कुमार को दी गई विदाई



**मढ़ौरा।** प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र मढ़ौरा में कार्यरत स्वास्थ्य प्रशिक्षक मनोज कुमार की सेवानिवृति पर शनिवार को भावपूर्ण विदाई दी गई। अस्पताल प्रबंधन द्वारा आयोजित विदाई समारोह में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. वीरेश कुमार ने मनोज कुमार को विदाई दी। स्वास्थ्य प्रशिक्षक मनोज कुमार 31 मई को सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। इस दौरान डॉक्टर वीरेश कुमार ने स्वास्थ्य प्रशिक्षक मनोज कुमार के सेवा काल को याद किया और उनकी कर्मठता और ईमानदारी से अपनी ड्यूटी को पूरा करने की सराहना की। इस दौरान डॉक्टर वीरेश कुमार सहित अन्य कर्मियों ने स्वास्थ्य प्रशिक्षक मनोज कुमार को उनके उत्तम स्वास्थ कोइ कामना करते हुए उपहार भेट किए। इस दौरान डॉ. शबाना अंसारी, हेल्थ प्रबंधक विश्वजीत सिंह, नागेन्द्र प्रसाद, गोलू कुमार सहित अन्य उपस्थित थे ।

## रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

### प्रशिक्षु शिक्षकों ने लिया नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प




**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा की संबद्ध इकाई रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज एकमा में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज में एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी अनूप कुमार ने की। इस अवसर पर कॉलेज के प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने धूम्रपान एवं तंबाकू उत्पादों के सेवन से दूर रहने का संकल्प लिया और नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने की शपथ ली।इस अवसर पर आयोजित एक जागरूकता गोष्ठी में कॉलेज के सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह व प्राचार्य डॉ. सत्यप्रकाश दास ने प्रशिक्षुओं को तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों व सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे न केवल स्वयं तंबाकू से दूर रहें, बल्कि समाज में इसके प्रति जागरूकता भी फैलाएं।इस कार्यक्रम में राजीव कुमार शर्मा, ठाकुर सिंह, प्रो सुमन कुमार सिंह, उमाशंकर सिंह, अनुप कुमार, हरिशंकर, अजीत कुमार, सुजीत कुमार, अमरेश, कंचन भारती, नागेंद्र कुमार सिंह, कमल सिंह, पंकज कुमार, कुमार गौरव, संतोष कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, शशि शेखर पांडेय आदि अन्य लोग शामिल थे।

## राजद के विचारों को आगे बढ़ाने हेतु गांव से शहर तक होगा संघर्ष : राजकिशोर



### राजद जॉइन करने पर नाई समाज ने किया स्वागत

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी रहें छपरा निवासी राजकिशोर प्रसाद ठाकुर के राजद जॉइन करने पर सारण जिला नाई समाज के दर्जनों लोगों ने शहर के भिखारी ठाकुर चौक पर स्वागत किया। गत दिनों राजद सुप्रीमो लालू यादव एवं राजद के वरिष्ट लोगों के समक्ष प्रदेश राजद कार्यालय में श्री ठाकुर ने राजद की सदस्यता ग्रहण कीं। शनिवार को छपरा नाई समाज के लोगों ने अपने नेता का स्वागत फूल-माला पहना कर किया। इस अवसर पर भिखारी ठाकुर चौक पर स्थित भिखारी ठाकुर के आदमकद प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण किया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए राजकिशोर ठाकुर ने कहा कि वंचित समाज एवं दबे-कुचलों के विकास हेतु राजद सुप्रीमों लालू यादव के योगदान को यह समाज नही भूल सकता है। उन्होंने कहा नीतीश सरकार आज अतिपिछड़ा समाज को ठगने का कार्य कर रही है। तत्कालीन महागठबंधन सरकार के गठित राज्य अतिपिछड़ा आयोग को भंग करने के उपरांत उसका गठन अभी तक नही किया गया। उन्होंने कहा कि राजद के नीतियों एवं संकल्प को शहर से लेकर गाँव तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर अर्जत कुमार ठाकुर, विपिनबिहारी ठाकुर, सुरेश ठाकुर, रविशंकर ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, हर्षवर्धन, डॉ सुभाष ठाकुर, राजेन्द्र ठाकुर, रविशंकर ठाकुर, शैलेन्द्र, संतोष, राजू,विजय आदि उपस्थित थे।

## रिविलगंज प्रखण्ड 20 सूत्री कार्यालय का हुआ उद्घाटन




**दैनिक खोज खबर/ रिविलगंज(सारण)।** शनिवार को रिविलगंज प्रखण्ड 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता, एमएलसी डॉ वीरेंद्र नारायन यादव ,सांसद प्रतिनिधि ई सतेंद्र सिंह, शेखर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कु सिंह, रामदयाल शर्मा, रमेश प्रसाद, प्रचार्य अरुण सिंह , जदयू जिला डॉ विशाल सिंह राठौर, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रितेश सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष ने किया। सभा को छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता एमएलसी डॉ वीरेन्द्र नारायण यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, रामदयाल शर्मा, रमेश प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि ई सतेंद्र सिंह,पूर्व एमएलसी प्रत्यासी डॉ धर्मेंद्र सिंह प्रचार्य अरुण कुमार सिंह, शेखर सिंह, जिला परिसद सदस्य गुड्डू साह, जदयू पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ विशाल सिंह राठौर व अन्य ने संबोधित किया। प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी रितेश कुमार सिंह ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संबोधित करने वालो में अजीत सिंह मुखिया, मनोज प्रसाद, नागेंद्र राम, इनई मुखिया प्रतिनिधि जय प्रकाश सिंह,भाजपा नेता मनोज सिंह, जिला महामंत्री धर्मेंद्र शाह, विवेक सिंह, शत्रुध्न भगत, सत्यानन्द सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ. विकाश गुप्ता, सदर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रिंकू सिंह, अनुरंजन प्रसाद, सतेंद्र शर्मा, संस्कार कुमार, सूधीर सिंह ,पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, बिपिन बिहारी सिंह, राबिभूषन मिश्रा, ददन सिंह, संजय वारसी, राकेश सिंह, सूधीर सिंह, राजकुमारी देवी, प्रियकांत सिंह सरपंच चंद किशोर सिंह सहित के जनप्रतिनिधि एवं 20 सूत्री के सभी सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मण्डल अध्यक्ष गामा सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन 20 सूत्री उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने किया।

## सत्र पूरा होने पर 47 प्रशिक्षु नर्सिंग छात्राओं ने ली सेवा और कर्तव्य की शपथ

### मढ़ौरा एएनएम स्कूल में आयोजित हुआ लैंप लाइटिंग और कैपिंग समारोह

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** सरकारी एएनएम स्कूल मढ़ौरा में शनिवार को लैंप लाइटिंग, कैपिंग और शपथ ग्रहण समारोह को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिहार यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एण्ड साईस के कुलपति डॉ. सुरेन्द्र नाथ सिंह की मौजूदगी में प्रशिक्षु नर्सिंग छात्राओं ने सत्र पूरा होने पर लैंप लाइटिंग एवं कैपिंग समारोह में सेवा की शपथ ली। इस दौरान मढ़ौरा नपं की मुख्य पार्षद रूबी सिंह, प्रमुख समाजसेवी विकास चंद्र उर्फ गुड्डू बाबा, अमनौर के एमओआईसी डॉ. शशांक शिवम, मढ़ौरा के प्रभारी एमओआईसी डॉ. वीरेश कुमार, छपरा बीएससी नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या ममता



भारती, सस्था की प्रचार्य शैल्वी, ट्राइडेंट पब्लिक स्कूल के प्राचार्य कर्मवीर सिंह, शिक्षक नवीन पूरी उपस्थित थे। नर्सिंग कोर्स से जुड़ी छात्राओं को बीयूएचएस के कुलपति डॉ. सुरेन्द्र नाथ सिंह ने कहा कि नर्सिंग पीड़ित मानव की सेवा का एक बड़ा अवसर है। दुःखी और पीड़ित लोगों की सेवा को अपना धर्म मानना इस सेवा की पहली शर्त है। इस दौरान कुलपति ने संस्था के प्रबंध और इसके रचनात्मक कार्यो की सराहना की। कहां की शहर से दूर ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की व्यवस्था यह दर्शाता है कि बिहार में बहुत कुछ बदल रहा है। कहा कि सभी प्रशिक्षु नर्सिंग छात्राओं को अपने कर्म और कर्तव्य के प्रति ईमानदार रहने की आवश्यकता है। सामाजसेवी गुड्डु बाबा ने कहा कि कोरोना काल ने नर्सिंग के महत्व को बढ़ा दिया है। इस क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है और लोगों में सम्मान की भावना भी बढ़ी हैं। लैंप लाइटिंग, कैपिंग और शपथ ग्रहण समारोह में मढ़ौरा स्थित सरकारी नर्सिंग स्कूल में 2024-26 बैच की 47 ट्रेनी छात्राओं को नर्सिंग कैप प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शकिलूर रहमान ने किया। इस दौरान नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य शैल्वी, ट्युटर दिव्या रानी, समाजसेवी अंजू रोमा सहित अन्य उपस्थित थे।

## अहिल्या बाई होलकर का शिक्षा एवं देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान - रणजीत कुमार सिंह




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** भारतीय जनता पार्टी छपरा के द्वारा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह के अध्यक्षता में एस डी स पब्लिक स्कूल कटरा के प्रांगण अहिल्याबाई होल्कर की जयंती एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में अहिल्याबाई होल्कर के योगदान एवं भारतीय स्वतंत्रता में उनके योगदान पर विशेष चर्चा की और कहा कि उन्होंने बहुत ही कम उम्र में अपने पति और पुत्र को खोया समाज के दबे-कुचले एवं पिछड़े लोगों को शिक्षित करने में अद्भुत पूर्ण योगदान किया है। भारतीय इतिहास में उनका नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है, उन्होंने तीस वर्षों तक इंदौर में शासन किया और 18 वीं शताब्दी में धर्म का संदेश फैलाया और औद्योगीकरण को बढ़ावा दिया। उन्हें भारत में सैकड़ो मंदिरों धर्मशालाओं का निर्माण किया देश के प्रधानमंत्री ने उन पर डाक टिकट भी जारी किया महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने कहा कि ध्वस्त काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण करवाने में उनका अभूतपूर्व योगदान है। जयंती एवं संगोष्ठी में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवासन,पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह,डॉ राकेश कुमार सिंह, कार्यालय मंत्री अर्द्धेन्दु शेखर, बलवंत सिंह, मंत्री मीरा देवी, सुनीता कुमारी, जीतू कुमार, कोषाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, संस्कार कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे ।



# मढ़ौरा में नव पदस्थापित एसडीएम निधि राज ने ग्रहण किया पदभार

## स्थानांतरित व निवर्तमान एसडीएम डॉ. प्रेरणा सिंह को दी गई भावभीनी विदाई

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** अनुमंडल में नव पदस्थापित एसडीम श्रीमती निधि राज ने शुक्रवार को अपना पदभार संभाल लिया। निवर्तमान व स्थानंतरित एसडीएम डॉ. प्रेरणा सिंह से मढ़ौरा एसडीएम का पदभार प्राप्त करने के बाद एसडीएम श्रीमती निधि राज ने कहा कि वे सरकार के कार्य और योजनाओं को गति देने का काम करेंगी। वे सारे काम जो कानून के अनुसार नियम संगत होंगे किए जाएंगे। बता दे श्रीमती निधि राज इसके पूर्व बेतिया में डिप्टी कलेक्टर के पद पर कार्यरत थी। बिहार प्रशासनिक सेवा 2018 बैच की पदाधिकारी श्रीमती निधि राज इसके पूर्व कई महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुकी है। इन्हे एक सक्षम पदाधिकारी के रूप में जाना जाता है। नई एसडीएम श्रीमती निधि राज से मढ़ौरा के लोगों ने अपनी उम्मीदें जताई है। कहा की नई एसडीएम के पदभार के बाद अनुमंडल के कार्यप्रणाली में सुधार आएगा और कार्यों को गति मिलेगी। श्रीमती निधि राज मढ़ौरा अनुमंडल की दूसरी महिला एसडीएम हैं।

### विदाई में छलकी स्थानांतरित एसडीएम की आंखे

स्थानांतरित एसडीम डॉक्टर प्रेरणा सिंह के सम्मान में अनुमंडल कार्यालय में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अनुमंडल सभागार में अंतिम तौर पर बोलते हुए एसडीएम डॉक्टर प्रेरणा सिंह की आंखें भर आई। अपने संबोधन में एसडीम डॉ. प्रेरणा सिंह ने मढ़ौरा के लोगों के प्रति अपना आभार जताया और कहा की मढ़ौरा में काम करने का अनुभव उन्हें बाकी जीवन में काम आता रहेगा। एसडीएम ने कहा कि 21 महीने के कार्यावधि में उन्होंने अपनी पुरी क्षमता से काम करने का प्रयास किया था। काम के दौरान उन्होंने मढ़ौरा वासियों के सहयोग से कई महत्वपूर्ण जिम्मेवारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।?यहां के लोगों और कर्मियों से मिले सहयोग के प्रति एसडीएम में आभार जताई। हालांकि इस दौरान उनकी आंखें भर आई और वे कई बार भावुक हुई। एसडीएम की विदाई में आयोजित कार्यक्रम में अनुमंडल के सभी बीडीओ, सीओ, अंनुमंडल कर्मी, आपूर्ति पदाधिकारी के साथ दर्जनों गणमान्य उपस्थित थे।



## विद्यालय प्रधानों की बैठक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर (सारण)।** प्रखंड के बीआरसी भवन में 125 से अधिक प्राथमिक, मध्य विद्यालय व उच्च विद्यालयों के विद्यालय प्रधानों की बैठक आयोजित की गई,जिसकी अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निभा कुमारी ने किया। बैठक में उन्होंने सभी विद्यालय प्रधानों से विद्यालय के रिक्ति प्रतिवेदनों को जमा कराया।उन्होंने सभी विद्यालय प्रधानों को बताया कि गर्मी की छुट्टी में बच्चों को गृह कार्य दिए गए हैं वे सभी पेरेंट्स मीटिंग में उन्हे इसकी जानकारी दें। उन्होंने पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी विद्यालयों मे वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया।मौके पर डी डी ओ प्रशांत पांडेय, मणीन्द्र कुमार पांडेय, उमेश कुमार सिंह,राजेश कुमार,अखिलेश्वर पांडेय, भूपेंद्र कुमार सिंह,इंसाफ अली, अमित प्रकाश गिरी, सुरेश कुमार सिंह, प्रभुनाथ पंडित, उमाशंकर साह, मोहम्मद जुमाद्दीन जयलाल राय,जितेंद्र कुमार सुधाकर मिश्रा, जगलाल हरिजन दिलीप कुमार सिंह,मुकेश तिवारी संजय पांडेय धर्मेंद्र भारती सोनू कुमार, एम डी एम बी आर पी प्रमोद सिंह सहित कई अन्य प्रधानाध्यापक भी उपस्थित रहे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंगोलापुर मठिया में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंगोलपुर मठिया में शनिवार को सुबह विद्यालय के वर्ग कक्ष में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में पांच दर्जन से अधिक अभिभावक उपस्थित हुए।उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अखिलेश्वर पांडेय ने सरकार द्वारा दी जाने वाली शिक्षण सहायक सामग्रियों, स्टूडेंट टी एल एम, एफ एल एन किट,पाठ्य पुस्तके अभ्यास पुस्तिका, डायरी के बारे में जानकारी दी। वहीँ छात्रों ने उसका प्रदर्शन भी किया।गर्मी की छुट्टी में छात्रों को दिए गए गृह कार्यों के बारे में अभी जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि आप अपनी निगरानी में बच्चों को गृह कार्य पुरा करने के लिए प्रेरित करें।उन्होंने हर घर एक पाठशाला कार्यक्रम की भी जानकारी दी। म ई महीने में एक से आठ तक के आठ छात्र-छात्राओं को बेस्ट स्टूडेंट ऑफ़ द म ई पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाने वाले छात्रों में रुद्राक्ष कुमारी, सत्यम कुमार,विराज कुमार,खुशबू कुमारी, राजनंदनी कुमारी साधना कुमारी तथा रोहन कुमार तिवारी शामिल है।अभिभावकों ने भी अपनी बात रख क ई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। मौके पर शिक्षक विजय कुमार साह,धीरज कुमार तिवारी,राजेश कुमार सिंह, अविनाश तिवारी सुनील कुमार कुशवाहा,चंद्रशेखर पांडेय, सुधा देवी,वंदना कुमारी, ज्योति आर्या सहित ग्रामीण अजीत कुमार,जवाहर महतो, कृष्णा कुमार ओझा,महेश मांझी, दिनेश मांझी, विजय कुमार तिवारी,रामेश्वर पासवान,जयंती देवी,मानती देवी,उषा देवी सहित दर्जनो अन्य उपस्थित रहे।

## पहलेजा पुलिस ने शराब जप्त कर शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर से पटना जा रहे एक शराब कारोबारी जो स्कूटी से अंग्रेजी शराब लेकर पटना जा रहा था। इसी बीच जेपी सेतु चेक पोस्ट पर पहलेजा पुलिस ने वाहन जांच क़े दौरान स्कूटी में रखे 12.5 लीटर अंग्रेजी शराब क़े साथ गिरफ्तार कर लिया। उक्त बात क़े जनकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि शुक्रवार की शाम तलाशी लेने के दौरान स्कूटी की डिक्की में 70 पीस फ्रूटी पैक अंग्रेजी शराब जब्त की गई।कुल शराब 12.5 लीटर 8 पीएम फ्रूटी क़े साथ उसे गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया। जेल भेजे गए शराब कारोबारी पटना जिले क़े दानापुर के पंकज चौधरी है।

## संजीवनी संस्कार स्कूल में हुआ समर कैंप का आयोजन, बच्चों ने खूब उठाया आनंद



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शहर के श्यामचक आदर्श कॉलोनी स्थिति प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान संजीवनी संस्कार स्कूल में शनिवार को समर कैंप का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में बच्चों के लिए फोटोशूट, योगा, डांस और मनोरंजनात्मक फिल्म जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों में इन गतिविधियों को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को गर्मी की छुट्टियों से पहले मनोरंजन के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने के लिए प्रेरित करना था। स्कूल की प्राचार्या ज्योति सिंह ने बताया कि, ÷छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे रचनात्मक और स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं, जिससे वे सीखते हुए मस्ती भी कर सकें।÷इस मौके पर बच्चों ने डांस और योगा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं फिल्म प्रदर्शन ने उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी। स्कूल प्रशासन, शिक्षकों और अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस मौके पर प्रचार्य ज्योति सिंह, इंचार्ज बृजेश कुमार, स्टाफ सदस्य अनिशा कुमारी, प्रियांशु कुमारी, चंदा कुमारी, शिशिर श्रीवास्तव, एसपी मिश्रा, काजल कुमारी, कल्पना, सुरभि, आरती, अंजलि समेत इत्यादि मौजूद थे।

## रसूलपुर में बगीचे से 51 लीटर देसी शराब बरामद, धंधेबाज फरार

### दस दिनों के भीतर बगीचे से दूसरी बार शराब बरामद

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** रसूलपुर थाना पुलिस ने शनिवार को अहले सुबह तकरीबन छ्ः बजे गुप्त सुचना के आधार पर रसूलपुर चट्टी स्थित गुलरबागा बगीचे से छोटे शराब व्यवसायियों को देने के लिए छुपाकर रखे गये टेट्रा पैक व बोतल में रायल स्टैग व अन्य ब्रांड की 51 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है. सादे लिबास में पुलिस के होने के बावजूद शराब के धंधेबाज मौके से भागने में सफल रहे. रसूलपुर थाना पुलिस के लाख सक्रियता के बावजूद शराब धंधेबाज अपने काले कारनामों से बाज नहीं आ रहे हैं. विदित हो कि दस दिनों पूर्व हीं रसूलपुर स्थित एनएच-531 के किनारे एक बगीचे से 348 लीटर देसी शराब व दो कार्टन बीयर पुलिस ने बरामद किया था जिसमें एक धंधेबाज को आरोपित किया गया था.

## योगियां हाईस्कूल में शिक्षक -अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर (एकमा)।** गृष्मावकाश को लेकर क्षेत्र के विद्यालयों में शनिवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन हुआ. शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित गोष्ठी में शिक्षकों द्वारा बच्चों के गृहकार्य में सहयोग करने की अपील अभिभावकों से की गई. योगियां हाईस्कूल में कंप्यूटर शिक्षक अतुल कुमार द्वारा संचालित गोष्ठी में विज्ञान शिक्षक राकेश तिवारी ने कहा कि छात्र और शिक्षक के बीच अभिभावक सेतु का काम करते हैं परिणामस्वरूप हीं छात्रों का शैक्षणिक विकास तीव्र होता है. मौके पर असहनी,योगियां ,शिवरी आदि गांवों से अभिभावक अलिशेर हुसैन,रंजीत प्रसाद, आदित्य कुमार ,ओमप्रकाश नारायण ,सरोज ओझा ,सलमान हुसैन,नागेंद्र कुमार ,सविता देवी के साथ वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर गोप,विकास उपाध्याय,उमेश पांडेय ,धर्मेन्द्र तिवारी, नेहा,साजिदा परवीन,कर्पूरी ठाकुर,श्यामबाबू, दीपक,दिनेश दूबे,अर्चना ,पूर्णिमा, कामिनी ,सुमन यादव ,श्रेया ,लूसी,दुर्गेशनंदिनी ,सिद्धि , राहुल गुप्ता अमरनाथ गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, आशिफ इकबाल मो इरफान,हर्षवर्धन यादव आदि विद्यालय कर्मी उपस्थित रहे.

## ओएनजीसी की टीम मकसूदपुर में करा रही है पेट्रोलियम की खोज के लिए सर्वे

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** प्रखंड के मकसूदपुर में ओएनजीसी गुजरात की टीम पेट्रोलियम की खोज के लिए सर्वे करा रही है।गंगा के तटीय इलाकों में यह सर्वे ओएनजीसी द्वारा कराया जा रहा है।जगह का चयन सेटेलाइट के द्वारा किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए ओएनजीसी के एक कर्मचारी प्रयागराज से पधारे नीरज राय ने बताया कि कंपनी द्वारा सेटेलाइट मैपिंग द्वारा जगह का चयन किया गया है। यह कार्य सिवान तथा छपरा के मकसूदपुर मे किया जा रहा है।उन्होने बताया 100 फीट ड्रिल करके नीचे कम्प्यूटराईज्ड बम ब्लास्ट करना है जिससे 5000 फीट नीचे तक का एक-रे प्राप्त किया जाऐगा। प्राप्त डाटा से क्रूड ऑयल का पता लगेगा।उन्होने बताया कि यहाँ 90त्न तक क्रूड आयल मिलने की संभावना है। यह प्रक्रिया एक साल तक चलेगी। यह पूछे जाने पर किसानों को क्या फायदा होगा तो उन्होंने बताया कि जिसके खेत में क्रूड आयल मिलता है तो वे किसान मालामाल हो जाएंगे।और यहां स्थानीय लोगों को रोजगार का अवसर भी मिलेगा।

## सोनपुर पुलिस ने अलग-अलग मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें लड़की अपहरण, शराब बिक्री, शराब पीने के मामले में अलग-अलग स्थान से छापामारी कर गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। इस बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि लड़की के अपहरण के मामले में शिकारपुर के संदीप कुमार पिता सिकंदर हाजरा को गिरफ्तार किया गया है जबकि शराब बिक्री के मामले में सबलपुर चहरम के पंडित राय के पुत्र लोहा राय को गिरफ्तार किया गया है वहीं दूसरी ओर शराब पीने के मामले में गोविंद चक क़े रविंद्र कुमार माझी को गिरफ्तार किया गया है। कुल तीन लोगों को छपरा जेल भेज दिया गया है।

## समाजसेवी शकुंतला देवी की श्रधांजलि सभा में पहुंचे कई मंत्री



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर नगर क्षेत्र क़े बरबट्टा निवासी स्वर्गीय लगन देव बाबू की धर्मपत्नी समाजसेवी शकुंतला देवी की स्वर्गवास 17.5.25 को हुई थीं जहाँ शनिवार को श्रद्धांजलि सभा में पक्ष व विपक्ष क़े राजनीतिक दल क़े नेताओं व प्रशासनिक और सामाजिक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं। बिहार सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री तथा सारण जिले के प्रभारी मंत्री सुमित कुमार सिंह की अजिया सास रहीं शकुंतला देवी की स्मृति में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, मंत्री हरि साहनी, मंत्री जयंत राज, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री नीरज कुमार बबलू तथा सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार सांसद शांभवी चौधरी, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, एमएलसी अजय कुमार शायन कुणाल, युवराज सुधीर सिंह सहित सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के कई विधायक, मंत्री और जनप्रतिनिधि स्थानीय लोग शामिल होकर उन्हें श्रधांजलि दिए। इस अवसर पर उनके पुत्र वरिष्ठ अधिवक्ता सह भाजपा नेता ओम कुमार सिंह, कुंवर दीप कुमार सिंह, पौत्र राजकुमार सिंह, ऋतुराज सिंह, युवराज सिंह तथा दामाद मंत्री सुमित कुमार सिंह उपस्थित थे।

## मशरक में अलग-अलग जगहों पर सड़क दुघर्टना में गाड़ियां क्षतिग्रस्त

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग गांवों में शनिवार की सुबह तीन गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो गई हालांकि घटना में सवार बाल बाल बच गए पर गाड़ियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पहली घटना में एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर देवरिया हनुमान मंदिर के सामने तेज रफ्तार से जा रही ब्रेजा कार ने अनियंत्रित होकर बिजली के पोल में जोरदार टक्कर मारते हुए गढ़े में जाकर पलट गई। जिसमें कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई वहीं सवार बाल बाल बच गया। दूसरे घटना में चंदेश्वर मोड़ पर ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बगल से गुजर रहा स्कारपियो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होते हुए सड़क किनारे बने चबूतरे से जोरदार टक्कर हो गई हालांकि इसमें भी सवार बाल बाल बच गया। तीसरे घटना में छपरा मशरक एस एच 90 पर हनुमानगंज गांव के पास अनियंत्रित टेलर ट्रक की बिजली पोल से टक्कर हो गई जिसमें टेलर ट्रक पोल से टक्कर में क्षतिग्रस्त हो गया। बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि तीनों घटनाएं भयंकर थी पर गाड़ियां ही क्षतिग्रस्त हो कर रह गई।

## घर का ताला तोड़ रुपये एवं आभूषण की चोरी

**मकेर(सारण)।** थाना क्षेत्र के कस्बा मकेर निवासी मोहमद मुर्तुजा ने मकेर थाना में एक आवेदन किया है जिसमे उन्होंने बताया है कि विगत दिनों परिवार घर मे ताला लगाकर रायपुर छत्तीसगढ़ गये हुए थे । शादी से लौट कर आया तो देखा कि घर से लाखों रुपये के आभूषण नकदी एवम बहुमुल्य वस्तु गायब है ।घर के सभी समान तीतर वितरण फैला हुआ हैं ।अब शहरी क्षेत्रो के नकल पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी चोरो द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं ।अब चोरो के मन से पुलिस का खौफ नही रहा जिससे चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं । वही मोहम्द मुर्तुजा के आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कारवाई में जुट गई है । समाचार प्रेषण तक चोरो की शिनाख्त नहीं हो पायी हैं और नही चोरी किए गए समानो को बरामदगी हुई हैं।

## मैरवा में मुख्य पार्षद पद के लिए चौथ दिन दो नामांकन

**मैरवा (सिवान)।** मैरवा नगर पंचायत में मुख्य पार्षद पद के लिए होने वाले उप चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया शनिवार को चौथे दिन भी जारी रही। चौथे दिन दो नामांकन पत्र दाखिल किए जाने के साथ ही नामांकन खाता खुल गया। नामांकन पत्र के लिए प्रखंड कार्यालय में एक काउंटर बनाया गया है। बता दें कि मैरवा धाम निवासी नगर पंचायत की पूर्व मुख्य पार्षद सुभावती देवी की बहू रिंकू देवी ने मुख्य पार्षद पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं उपाध्याय छापर निवासी सौमिल उपाध्याय की मां उर्मिला उपाध्याय ने भी मुख्य पार्षद पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। दोनों अभ्यर्थी मैरवा धाम स्थित हरिराम ब्रह्म मंदिर में पूजा अर्चना कर अपने समर्थकों के साथ नामांकन करने प्रखंड कार्यालय पहुंची थीं। उधर नामांकन प्रक्रिया धीमा चलने और संभावित उम्मीदवारों को लेकर नगर पंचायत के मतदाताओं और स्थानीय निवासियों में खूब चर्चाएं हो रही हैं। कौन-कौन नामांकन पत्र दाखिल करेगा और चुनावी मैदान में कितने लोग होंगे इसको लेकर लोगों द्वारा एक- दूसरे से बातचीत करते हुए कयास लगाए जा रहे हैं।

# एकमा के विभिन्न विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी के हुए आयोजन

## अभिभावकों व विद्यालय के बीच सहयोग से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव, बच्चों की गर्मी की छुट्टियों के पूर्व %पढ़ेंगे, बढ़ेंगे और सीखेंगे हम% विषय पर हुई विस्तृत चर्चा

### शिक्षकों ने अभिभावकों को गर्मी की छुट्टियों में विद्यार्थियों के घर पर गृह कार्य व नियमित अध्ययन कराने की दी जिम्मेदारी

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एकमा नगर पंचायत व प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित किए गए। अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय एकमा, मध्य विद्यालय हंसराजपुर, कन्या मध्य विद्यालय एकमा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोला डोमन राय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर व उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय गौसपुर में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यालय व घर के बीच समन्वय स्थापित कर बच्चों की पढ़ाई को अधिक प्रभावी बनाना था।उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर में आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी ने की। जबकि उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक मोहम्मद तौकीर अंसारी ने संगोष्ठी की अध्यक्षता की।संगोष्ठी के दौरान बच्चों की गर्मी की छुट्टियों के पूर्व %पढ़ेंगे, बढ़ेंगे और सीखेंगे हम% विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। शिक्षकों ने अभिभावकों को बताया कि गर्मी की छुट्टियों में विद्यार्थियों को नियमित रूप से घर पर अध्ययन करना चाहिए। इसके लिए विद्यालय की ओर से गृहकार्य भी दिया गया है।संगोष्ठी में यह भी तय किया गया कि सभी विद्यार्थी अपने घर पर निर्धारित समय पर अध्ययन करें और उसके बाद अभिभावकों द्वारा उसे सत्यापित किया जाए। गर्मी की छुट्टियों के दौरान बच्चों के घर पर बैठकर अध्ययन की प्रक्रिया अपनाने पर बल दिया गया। साथ ही छात्रों के बैठने की व्यवस्था, पुस्तक वितरण, साफ-सफाई, छात्र अनुशासन, पोषण कार्यक्रम आदि बिंदुओं पर भी विचार विमर्श हुआ।संगोष्ठी के दौरान विद्यालय स्तर पर पोस्टर और स्टिकर प्रदर्शनी लगाने का भी निर्णय लिया गया। जिससे छात्र-छात्राओं में रुचि जागृत हो। साथ ही बच्चों में नैतिक शिक्षा, स्वच्छता, नियमित उपस्थिति व अनुशासन के प्रति जागरूकता फैलाने पर भी जोर दिया गया। संगोष्ठी में जगदीश सिंह, हरेंद्र नाथ राय, अनीता पांडेय, अंजू कुमारी, योगेश कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, सनोज कुमार, विकास कुमार, रंजीत प्रसाद, किसलय कुमार, छविनाथ मांझी, सोनाली नंदा, विभा कुमारी, जुली कुमारी, शना परवीन, राज मोहम्मद अंसारी, योगेंद्र प्रसाद, पप्पू कुमार, अपूर्वा कुमारी, शुभम खंडेलवाल, रंजीत रंजन, अमित कुमार, सुशील यादव आदि अभिभावक एवं विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षा समिति के सदस्य आदि अन्य शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि अभिभावकों व विद्यालय के बीच सहयोग से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है।

## बारात से युवक की बाइक चोरी

**बसंतपुर (सिवान)।** थाना क्षेत्र के कुमकुमपुर गांव में 28 मई को एक शादी समारोह से अज्ञात चोरों ने एक बाइक की चोरी कर ली। काफी खोजबीन के बाद बाइक नहीं मिलने पर गांव के ही दीपक कुमार राय ने थाना में आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। उसने बताया कि अपनी बाइक दालान में खड़ी कर दी थी। जब बाइक लेने पहुंचा तो वहां से बाइक गायब थी। प्राथमिकी कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नहर पर लकड़ी बीनने गई युवती के साथ छेड़खानी

**बसंतपुर (सिवान)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 28 मई को नहर में लकड़ी लाने गई एक किशोरी के साथ कुछ युवकों ने छेड़खानी तथा मारपीट की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी पीड़िता ने अपनी मां को दी। जब उसकी मां पूछने गई तो उसके साथ ही उक्त लोगों द्वारा मारपीट व गाली गलौज किया गया। इस मामले में पीड़िता की मां ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही रंजय राम, एकलब्य राम व गुड्डी कुमारी पर मारपीट एवं दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है। प्राथमिकी कर पुलिस मामले की जांच में जुटी गई है।

## प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन

**जीरादेई (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन में शनिवार को खरीफ महाअभियान 2025 के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय खरीफ (शारदीय) कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान राज्य सरकार एवं भारत सरकार द्वारा संचालित कृषि योजनाओं पर चर्चा की गई। साथ ही कार्यक्रम में खरीफ फसल में बेहतर उपज एवं कृषि से जुड़ी जानकारियां दी गई। कृषि प्रबंधक राम प्रताप सिंह ,बीडीओ धीरज कुमार दुबे, उप ब्लाक प्रमुख अनिल सिंह, सहायक तकनीकी प्रबंधक ज्ञानेंद्र तिवारी सहित अन्य द्वारा मौजूद किसानों को फसल प्रबंधन, मृदा जांच, कीट व्याधि, पौधा संरक्षण आदि पर विस्तार पूर्वक बताया गया। इस मौके पर महेश पांडेय, कृष्ण मोहन मिश्र, दयाशंकर चौधरी, राजन कुमार, मृत्युंजय तिवारी, रिंकी कुमारी, दीपक भारती, अनवर अली अंसारी, अशोक कुमार भक्त, सुशील कुमार, सरोज कुमार साह, अनिल कुमार, हरेंद्र पाठक, कृष्ण यादव, सुशील कुशवाहा, तारकेश्वर प्रसाद, जितेंद्र कुमार राम , चितरंजन राम आदि उपस्थित थे।

## 99 शस्त्र अनुज्ञप्तिधारकों का हुआ सत्यापन

**महाराजगंज (सिवान)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता के आदेश पर 28 मई से लेकर दो जून तक महाराजगंज थाना परिसर में आर्म्स सत्यापन का कार्य चल रहा है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष राहुल कुमार भारती ने बताया कि थाना में कुल 181 शस्त्र अनुज्ञप्तिधारक हैं, इसमें अब तक 99 लोगों के शस्त्रों का सत्यापन किया जा चुका है। इसका अंतिम तिथि दो जून है। इसके अंदर शस्त्रों का सत्यापन नहीं कराने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## भूमि विवाद निपटारा शिविर में कई मामले सुनवाई

**सिवान।** जिले के विभिन्न थाना में शनिवार का भूमि विवाद निपटारा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें भूमि विवाद संबंधित कई मामले की सुनवाई की गई। जानकारी के अनुसार आंदर थाना में सीओ नीलम कुमारी एवं थानाध्यक्ष पप्पन कमार की देखरेख में तीन मामले का निष्पादन किया गया एवं एक नया मामला दर्ज किया गया। वहीं असांव थाना परिसर में एक नया मामला दर्ज किया गया। वहीं बड़हरिया थाना परिसर में थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा व सीओ सरफराज अहमद की देखरेख में भूमि विवाद संबंधित छह मामले आए है इसमें तीन का निष्पादन कर दिया गया।

## पुलिस के साथ गाली-गलौज व पिस्टल तानने के मामले में दो गिरफ्तार

**हसनपुरा (सिवान)।** एमएच नगर थाने में डायल 112 पर प्रतिनियुक्त सअनि अविनाश कुमार के साथ गाली गलौज करते हुए सिर पर पिस्टल तानने के मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने मोटा मियां उर्फ एहसान खान एवं सेराज मियां उर्फ सेराज अहमद शामिल हैं। इस मामले में अभी भी दो अभियुक्त संतोष पांडेय व मंतोष पांडेय फरार हैं। ज्ञात हो कि 10 मई की रात 10ः25 बजे तेलकथू गांव से एक इवेंट पर गए सअनि के साथ तभी उक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए पिस्टल तान दिए थे। पुलिस अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## सीताराम सह रुद्रमहायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड के चितौर मठिया परिसर में आयोजित सीताराम सह रुद्रमहायज्ञ को लेकर शनिवार को हाथी-घोड़े व बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। यज्ञाचार्य पंडित चंदन महाराज की देखरेख में कलश यात्रा मंदिर परिसर से आरंभ होकर मसूदहा, भरटोलिया, आंदर बाजार होते हुए आंदर स्थित दाहा नदी पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया। उसके बाद कलश यात्रा यज्ञ स्थल पर पहुंची जहां गणेश समेत अन्य देवी-देवताओं के पूजन के साथ महायज्ञ शुरू हुआ। कलश यात्रा के दौरान जय श्रीराम, जय हनुमान, हर-हर महादेव, जय माता दी के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। यज्ञाचार्य ने बताया कि इस महाया की पूर्णाहुति आठ जून को की जाएगी। यज्ञ आयोजन मंडल के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन पूजा के साथ शाम में प्रवचन का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर यज्ञाध्यक्ष रोहित कुमार साह, रामेश्वर साह, सचिव रामकिशुन साह, चंदेश्वर साह समेत काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## कृषि केंद्र पर कुव्यवस्था को लेकर किसान हुए आक्रोशित

**दैनिक खोज खबर/दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड के धानाडीह स्थित कृषि फार्म परिसर में रबी के लिए बिहार राज्य बीज निगम द्वारा स्थापित सीड प्रोसेसिंग प्लांट पर गेहूं बीज संग्रहण कार्य कुव्यवस्था के बीच शुरू हुआ। कुव्यवस्था को लेकर किसानों में नाराजगी देखी गई। किसान शनिवार की सुबह निर्धारित तिथि पर पंचायतों से अपने ट्रैक्टर से गेहूं बीज लेकर पहुंच गए, लेकिन मौके पर पलदार की व्यवस्था नहीं होने के कारण बीज उतारने की प्रक्रिया काफी धीमी गति से चल रही थी। इसको लेकर किसान आक्रोशित हो गए। प्रखंड कृषि पदाधिकारी विक्रमा मांझी ने बताया कि कुछ परेशानियां थी। जिसे शीघ्र ही दूर कर लिया गया। सामान्य स्थिति बनी हुई है।

## तीन महादलित टोलों में विकास शिविर में योजनाओं की दी गई जानकारी

**हुसैनगंज(सिवान)।** प्रखंड के तीन पंचायतों क्रमशः बघौनी, खानपुर खैरांटी एवं पश्चिमी हरिहांस के महादलित टोले में शनिवार को बीडीओ राहुल कुमार के नेतृत्व में डा. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को कर्मियों द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित बिहार महादलित विकास मिशन की ओर से संचालित विशेष 22 योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। 22 मूलभूत योजनाओं क्रमशः प्रधानमंत्री आवास योजना, कन्या उत्थान योजना, ई-श्रम कार्ड, जाब कार्ड, राशनकार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कौशल विकास योजनाओं सहित अन्य सभी योजनाओं पर विशेष जानकारी दी गई ताकि सभी महादलित समुदाय के लोगों को इसका लाभ पहुंचाकर उन्हें विकास के मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। साथ ही जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड,जाब कार्ड का वितरण किया गया।

**विश्व तम्बाकू निषेध दिवस**

# सरकार द्वारा बनाए गए कानून 'कोटपा' की जानकारी पहुंचाना इसका मुख्य उद्देश्य : सिविल सर्जन

### स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मियों ने ली तंबाकू नहीं खाने की शपथ

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी और कर्मियों सहित सदर अस्पताल के कर्मियों ने एक स्वर से कहा कि अपने पूरे जीवन काल में न तो कभी तंबाकू का सेवन करूंगा और न ही किसी अन्य को इसके लिए उत्साहित या प्रेरित करूंगा। कुछ इसी तरह से सदर अस्पताल परिसर स्थित सभागार में आयोजित विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर तंबाकू सेवन ना करने की शपथ ग्रहण समारोह के दौरान गूंज सुनाई दी। हालांकि जिला सहित जिले के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मियों द्वारा जीवन में कभी भी तंबाकू का उपयोग नहीं करने के लिए शपथ लिया गया। आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद, प्रभारी एनसीडीओ डॉ ओपी लाल, डीआईओ डॉ अरविंद कुमार, डीपीएम विशाल कुमार सिंह, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ अहमद अली, यूनिसेफ के एसएमसी कामरान अहमद, यूएनडीपी के मनोज कुमार, प्रभारी एफएलसी इमामुल होदा, एनसीडी के डेटा ऑपरेटर मनीष कुमार, सदर अस्पताल परिसर स्थित ओपीडी में कार्यरत होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च मुजफ्फरपुर की चिकित्सक डॉ श्रेया और डॉ अंशु कुमार सिंह, डीटीओ प्रणव सिंह, फार्मासिस्ट आनंद वर्मा सहित सदर अस्पताल की जी एन एम उपस्थित रही।



सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने कहा कि वैश्विक स्तर पर लोगों को होने वाली गंभीर बीमारियों की मुख्य वजह तंबाकू का सेवन है। क्योंकि तंबाकू सेवन के प्रति आज कल के लोगों में सबसे ज्यादा कम उम्र के बच्चों में खासा रुचि देखी जा रही है। लिहाज़ा तंबाकू का सेवन गंभीर बीमारियों को निमंत्रण देने के जैसा ही है। जिसमें कैंसर मुख्य बीमारी है। जिसको लेकर इससे संबंधित जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक वर्ष 31 मई को पूरे विश्व में तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन से रोकने और इसके लिए सरकार द्वारा बनाए गए कानून ÷कोटपा÷ की जानकारी पहुंचाना है। शैक्षणिक संस्थानों के आसपास किसी भी तरह के तंबाकू पदार्थों की बिक्री पर पूर्णतः रोक है। भारत में स्कूलों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध है। अगर इसका अनुपालन नहीं किया गया तो कानूनी प्रावधान के तहत सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 के तहत किसी भी शैक्षणिक संस्थान की बाहरी सीमा के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री, प्रस्ताव या अनुमति देना कानूनन निषिद्ध है। क्योंकि तंबाकू उत्पादों की बिक्री करना दंडनीय अपराध है, जिसमें ?200 तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। प्रभारी जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी (एनसीडीओ)डॉ ओम प्रकाश लाल ने कहा कि तम्बाकू सेवन बहुत सी नुकसानदायक और बीमारियों की जड़ है। कैंसर जैसी बीमारी तंबाकू के सेवन से ही होती है। फेफड़ों की बीमारियां जैसे क्रोनिक ब्रोंकाइटिस व एम्फिसेमा होने की मुख्य वजह धूम्रपान ही है। क्रोनिक यानी लम्बे समय तक धूम्रपान करने से फेफड़े एवं सांस की नली के कैंसर होने की संभावना ज्यादा होती है। दुनिया में कैंसर से होने वाली मृत्यु में फेफड़े के कैंसर के मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा है। जिसका मुख्य वजह अत्यधिक धूम्रपान का करना है। जैसे - खैनी, पुड़िया, जर्दा, पीला पत्ती आदि के सेवन से मुंह का कैंसर (ओरल कैंसर) की संभावना बनी रहती है। इन सभी तरह की रोगों को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए धूम्रपान का खत्म होना ही सबसे बड़ा और पहला विकल्प है। तंबाकू सेवन को रोकने के लिए सरकार द्वारा तंबाकू नियंत्रण अधिनियम ÷कोटपा÷ लागू किया गया है। कोटपा के तहत तंबाकू के गलत इस्तेमाल करते हुए पकड़े जाने पर लोगों को धारा 4, 5, 6 तथा 7 के तहत कानूनी कार्यवाही व आर्थिक दंड वसूला जा सकता है।

### तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम (कोटपा) के तहत तय किया गया कानून ः

सार्वजनिक स्थानों पर धारा-4 के तहत धूम्रपान करने पर 200 रुपये का जुर्माना देय है।

तंबाकू पदार्थों के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष विज्ञापन पर धारा ञ 5 के तहत 1 से 5 साल की कैद व 1000 से 5000 तक का जुर्माना देय है।

18 वर्ष से कम आयु वर्ग के अवयस्कों को तंबाकू पदार्थ बेचने वालों को धारा- 6 के तहत 200 रुपये जुर्माना लगाया जाता है।

बिना चित्रित व पैकेट के 85त्न भाग पर मुख्य रूप से न छपे वैधानिक चेतावनी के तंबाकू पदार्थ बेचने पर धारा- 7 के तहत 2 से 5 साल की कैद व 1000 से 10000 तक जुर्माना लगाया जा सकता है।

## हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

**परवेज अख्तर/सीवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के बिलासपुर निवासी शंभू नाथ सिंह की पत्नी सुनीता देवी ( 52 ) का शव घर के समीप गड्ढे से मिलने के मामले में पुलिस जांच जुट चुकी है। हत्या है या आत्महत्या इसे सुलझाने में पुलिस जुटी हुई है। ज्ञात हो कि सुनीता 11 मई की शाम से घर से गायब थी। स्वजन उसकी खोजबीन कर रहे थे तथा इस मामले में मृतका के छोटा पुत्र कुंदन कुमार सिंह ने 15 मई को थाना में आवेदन देकर गुमशुदगी की प्राथमिकी कराई थी। इस दौरान शुक्रवार को उक्त महिला का शव बरामद किया गया। शव सड़-गल गया तथा उससे बदबू आ रही थी।मृतका के छोटे पुत्र ने हत्या की आशंका जताई है। थानाध्यक्ष सुजीत कुमार चौधरी के अनुसार आवेदन मिलने पर उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस घटना के बाद मृतका का छोटा पुत्र डरा-सहमा हुआ है। इसलिए बहुत कुछ बोलने से परहेज कर रहा है।ज्ञात हो कि महिला सुनीता देवी अपने पति सहित बच्चों के साथ हिमाचल प्रदेश रहती थी। पट्टीदारी में किसी शादी समारोह में शामिल होने पूरा परिवार गांव आया था। महिला के पति, बड़ा पुत्र एवं बहू शादी बीतने के बाद हिमाचल प्रदेश लौट गए। महिला अपने छोटे पुत्र कुंदन कुमार सिंह के साथ गांव में रह गई थी।

## विशेष शिविर में बना 2006 आयुष्मान कार्ड

**हुसैनगंज (सिवान)।** प्रखंड के 15 पंचायतों में सरकार के निर्देशानुसार 26 से 30 मई तक चले विशेष शिविर में प्रधानमंत्री जन आरोग्य एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य एवं वय वंदना योजनांतर्गत 2006 लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। बीडीओ राहुल कुमार ने बताया कि हर पंचायत में दो- दो केंद्र बनाए गए थे। इसके लिए सभी आशा को निर्देश दिया गया था कि वे घर घर जाकर छूटे हुए व्यक्तियों को सेंटर पर बुलाकर आयुष्मान कार्ड बनवाएं। इसके लिए उन्हें प्रति व्यक्ति 15 रुपये की इंसेंटिव मुहैया कराई जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थिति में वृद्ध का शव मिलने से सनसनी, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**परवेज अख्तर/सीवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के धनपुरा नारा के समीप शनिवार की शाम एक वृद्ध का शव मिलने से सनसनी फैल गई।ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जांच में जुट गई तथा शव का पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के गौर बुजुर्ग निवासी गुर्मी महतो के पुत्र सत्यनारायण महतो के रूप में हुई है। बताया जाता है कि शनिवार की शाम ग्रामीण धनपुरा नारा की ओर गए थे। तभी नारा के समीप संदिग्ध परिस्थिति में एक वृद्ध का शव दिखाई दिया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। बता दें कि थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने बताया कि शव मिलने की सूचना जैसे ही मिली हमने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। इस घटना हत्या में जो भी दोषी होगा उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा। वहीं इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया।

## नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में विभिन्न योजनाओं पर हुई चर्चा

**महाराजगंज (सिवान)।** महाराजगंज नगर पंचायत की बोर्ड की मासिक बैठक शुक्रवार को नगर पंचायत सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद शारदा देवी ने की। बैठक के दौरान मुख्य पार्षद शारदा देवी ने विभिन्न एजेंडों को पटल पर रखा। बैठक में गत बैठक की संपुष्टि की गई। साथ ही सशक्त स्थाई समिति के 20 मई की बैठक का अनुमोदन किया गया। बैठक में नगर क्षेत्र के पेयजल समस्याग्रस्त वार्डों में समर्शेबुल पंप एवं सामुदायिक स्टैंड पोस्ट के अधिष्ठापन,नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर हाइमास्क लाइट के अधिष्ठापन, नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में नलजल योजना के विस्तार, कार्यरत सफाई एजेंसी सीबीजीडब्लू इंफ्रा डेवलपर्स कंपनी लिमिटेड का माह मई 2025 के भुगतान, मानसून को देखते हुए विभागीय कार्य कराने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में उप मुख्य पार्षद गुड़िया कुमारी, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी हरिश्चंद्र, वार्ड पार्षद सेराज आलम, चंपा देवी, हरेंद्र श्रीवास्तव, सुमन देवी, कलावती देवी, मनोज कुमार,आदि मौजूद थे।

## भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा

**सिवान।** दरौली प्रखंड के बावना गांव स्थित एक मैरेज हाल में शुक्रवार की शाम भाजपा उतरी मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा की गई। इस दौरान भाजपा के नवगठित कार्यसमिति के सभी सदस्यों का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। उसके बाद पूर्व कार्यकर्ता और नए कार्यकर्ताओं के बीच परिचय किया गया। जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी ही रीढ़ होते हैं। पार्टी की सबसे छोटी इकाई बूथ कमेटी होती है। बूथ जितना ही पार्टी की पहली सफलता है। सबसे पहले हमारे बूथ स्तरीय कार्यकर्ता बूथ जीतते हैं, फिर मंडल जीतते हैं, फिर विधानसभा और लोकसभा चुनाव जीतते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का टिकट मिलते ही सभी लोग पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी के सहयोग में जुट जाएंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी कुंदन सिंह, जिला प्रवक्ता मनोज कुमार राम, हरेंद्र कुशवाहा, मनोज पासवान, मृत्युंजय तिवारी, जया पासवान, ललन चौधरी, सुरेंद्र पासवान समेत दर्जनों भाजपा नेता उपस्थित थे।

**किसानों के बीच धान व ढैंचा बीज का वितरण: रघुनाथपुर (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन में शनिवार को बीएओ ललन प्रसाद की देखरेख में किसानों के बीच धान एवं ढैंचा बीज का वितरण अनुदानित दर पर किया गया। बीएओ ने बताया कि 6444 हाइब्रिड बीज है जो एक किलो में पांच से छह कट्ठा धान की रोपनी आसानी पूर्वक की जा सकती है। उन्होंने बताया कि इसकी पैदावार अच्छी है। वहीं खेतों में उर्वरक के लिए ढैंचा बीज आ चुका है। जिसे किसानों को दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों को पहले अपना किसान रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य हैं।

## ग्रीष्मकालीन अवधि में छात्र-छात्राओं को मिलेगी आयरन फोलिक एसिड गोली

**दारौंदा (सिवान)।** सरकारी विद्यालयों के छात्रों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भी पोषण और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड संपूर्ण कार्यक्रम (विफ्स) को निरंतर बनाए रखने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। शिक्षा विभाग ने एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालयों में बुधवार को मध्याह्न भोजन योजना के पश्चात बच्चे एवं किशोर, किशोरियों को आयरन फोलिक एसिड गोली का सेवन कराया जाता है। दो जून से सभी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश निर्धारित है। उस अवधि में बच्चों एवं किशोर, किशोरियों को आयरन फोलिक एसिड गोली का सेवन कराया जाना आवश्यक है, क्योंकि सेवन का क्रम न टूटे इस हेतु पत्रांक-1809 के आलोक में दिशा-निर्देश निर्गत दिया गया है। लंबी अवधि तक विद्यालय बंद की स्थिति में प्रधानाध्यापक तथा शिक्षकों को सप्ताह की गणना कर बच्चों को आयरन फोलिक एसिड गोली उपलब्ध करा दी जाए। साथ ही सेवन करने का मार्गदर्शन दी जाए। ग्रीष्मावकाश की अवधि के लिए राज्य के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया जाए कि कक्षा एक से पांच तक के लिए गुलाबी गोली एवं कक्षा छह से 12 तक के किशोर, किशोरियों के लिए नीली गोली वर्ग के अनुसार बच्चों को उपलब्ध कराया जाए।

## वारंटी गिरफ्तार

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना का पुलिस ने शुक्रवार को बड़कागांव में छापेमारी कर एक वारंटी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान अशोक महतो के रूप में हुई। उसके विरुद्ध वर्ष 2017 में हुई एक मारपीट के मामले में न्यायालय ने उपस्थित नहीं होने पर न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

## डा. महाचंद्र सिंह को स्वर्ण आयोग का अध्यक्ष बनने पर बधाई

महाराजगंज (सिवान)। अनुमंडल मुख्यालय स्थित गोरख सिंह महाविद्यालय में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा की गई तथा संगठन की मजबूती पर बल दिया गया। साथ ही पूर्व मंत्री डा. महाचंद्र सिंह को सवर्ण आयोग का अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी व्यक्त की गई। जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रो. अभय कुमार सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम नीतीश कुमार बधाई के पात्र हैं जिन्होंने एक योग्य कुशल व अनुभवी व्यक्ति को आयोग का अध्यक्ष बनाया है। आयोग के अध्यक्ष बनने से जो भी अधूरा कार्य है पूरा होगा। आयोग का अध्यक्ष बनने पर डा. त्रिपुरारी शरण सिंह, अजय कुमार सिंह, भोला सिंह, पप्पू सिंह, कामेश्वर सिंह, जयप्रकाश सिंह, राजेंद्र सिंह, मनीष सिंह, संजय सिंह राजपूत, राहुल सिंह आदि ने बधाई दी है।

